## विश्व की प्राकृतिक वनस्पति

1. सदाबहार वर्षा वन कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) ऑस्ट्रलिया (ब) ब्राजील
(स) कनाडा (द) फ्रांस
उत्तर : (ब)

2. सदाबहार किस्म के वन कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) भूमध्यसागरीय क्षेत्र
(ब) भूमध्यरेखीय क्षेत्र
(स) मरु क्षेत्र
(द) मानसून जलवायुवीय क्षेत्र
उत्तर : (ब)

3. निम्नलिखित में से कहाँ विस्तृत अयनवर्तीय वन पाए जाते हैं ?
(अ) कांगो घाटी (ब) गंगा घाटी
(स) मर्रे डार्लिंग घाटी (द) इनमें से कोई नहीं
उत्तर : (अ)

4. निम्नलिखित जंगलों में से कौनसा जंगल 'पृथ्वी ग्रह के फेफड़ों' के रूप में जाना जाता है ?
(अ) टुण्ड्रा वन
(ब) अमेजन वर्षा वन
(स) पूर्वोत्तर भारत के वर्षा वन
(द) टैगा वन
उत्तर : (ब)

5. विषुवतरेखीय वनों को ब्राजील में किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) चैपरेल (ब) फजेंडा
(स) मैक्वीस (द) सेल्वास
उत्तर : (द)

6. विषुवतरेखीय वर्षा वनों का सबसे बड़ा प्रदेश किस महाद्वीप में है ?
(अ) अफ्रीका (ब) दक्षिण अमेरिका
(स) उत्तर अमेरिका (द) ऑस्ट्रेलिया
उत्तर : (ब)

7. अधिपादप मुख्यतः पाए जाते हैं–
(अ) कोणधारी वनों में (ब) मानसूनी वनों में
(स) सवाना वनस्थली में (द) विषुवतीय वनों में
उत्तर : (द)

8. प्राकृतिक वनस्पति का सर्वाधिक विकसित क्षेत्र है–
(अ) प्रेयरी (ब) टुण्ड्रा
(स) टैगा (द) पतझड़ वन
उत्तर : (द)

9. सबसे अधिक टैगा वन किस क्षेत्र में पाए जाते हैं ?
(अ) साइबेरिया (ब) ऑस्ट्रेलिया
(स) चिली (द) भारत
उत्तर : (अ)

10. सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है–
(अ) टुन्ड्रा में
(ब) शंकुधारी वनों में
(स) उष्णकटिबंधीय वर्षा वन में
(द) शीतोष्ण वनों में
उत्तर : (स) IAS 1994

11. स्प्रूस, फर तथा चीड़ मुख्य रूप से पाए जाते हैं–
(अ) टैगा वनों में
(ब) मानसूनी वनों में
(स) भूमध्यसागरीय वनों में
(द) भूमध्यरेखीय वनों में
उत्तर : (अ)

12. निम्नलिखित में से किसे शीतोष्ण कटिबन्धी चौड़ी पत्ती वाले सदापर्णी वन कहते हैं ?
(अ) मानसूनी वन (ब) टुन्ड्रा वन
(स) टैगा वन (द) भूमध्यसागरीय वन
उत्तर : (द)

13. उष्ण कटिबन्धीय मरुभूमियों में मिलने वाली बबूल, कैक्टस आदि वनस्पतियों को क्या कहा जाता है ?
(अ) हाइग्राफाइट (ब) जीरोफाइट
(स) ब्रायोफाइट (द) लिथोफाइट
उत्तर : (ब)

14. मलेरिया की दवा कुनैन निम्न में से किस वृक्ष से प्राप्त की जाती है ?
(अ) यूकेलिप्टस (ब) वालनट
(स) सिनकोना (द) राउल्फिया
उत्तर : (स)

15. भूमध्यसागरीय वन का नाम नहीं है–
(अ) माको (ब) मैटोरल
(स) मैली (द) बोरियल
उत्तर : (द)

16. सूची–I का सूची–II से सुमेलित कीजिए :
सूची–I (वन के प्रकार)
A. उष्ण कटिबन्धीय सदाबहार वन
B. विषुवतरेखीय वन
C. भूमध्यसागरीय वन
D. कोणधारी वन
सूची–II (क्षेत्र)
1. घाना
2. स्कैंडिनेविया
3. इंडोनेशिया
4. फिलीपींस
(अ) A – 3, B – 1, C – 4, D - 2
(ब) A – 2, B – 1, C – 4, D - 3
(स) A – 4, B – 3, C – 2, D - 1
(द) A – 1, B – 2, C – 4, D - 3
उत्तर : (अ)

www.rajstudents.com

17. किस वन को जन्तुओं की दृष्टि से 'प्राकृतिक प्राणी उद्यान' कहा जाता है ?
(अ) स्टेपी वन (ब) मानसूनी वन
(स) सवाना वन (द) उपर्युक्त सभी
उत्तर : (स)

18. विश्व के वन क्षेत्रों में से किस एक के फैलाव की प्रतिशतता सर्वाधिक है ?
(अ) शीतोष्ण शंकुधारी वन
(ब) शीतोष्ण पर्णपाती वन
(स) उष्ण कटिन्धीय मानसूनी वन
(द) उष्ण कटिबन्धीय वर्षा वन
उत्तर : (द) IAS 2003

19. भूमध्यसागरीय वन का नाम नहीं है–
(अ) माको (ब) मैटोरल
(स) मैली (द) बोरियल
उत्तर : (द)

20. अफ्रीका में विषुवत रेखा से कर्क रेखा की ओर निम्नलिखित का सही क्रम क्या होगा ?
1. विषुवतीय वर्षा वन
2. सवाना वन
3. सवाना घास
4. मरुस्थलीय झाड़ियाँ
(अ) 1,3,2,4 (ब) 2,1,3,4
(स) 1,2,3,4 (द) 2,3,1,4
उत्तर : (स)

21. सिनकोना के वृक्ष किस वन में पाए जाते हैं ?
(अ) विषुवतीय वन (ब) भूमध्यसागरीय वन
(स) सवाना वन (द) टैगा वन
उत्तर : (अ)

22. ओक, बीच, बर्च, वालनट, एल्ब आदि के वृक्ष कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) शीतोष्ण वर्षा वन
(ब) मध्य अक्षांशीय पर्णपाती वन
(स) भूमध्यसागरीय वन
(द) विषुवतीय वन
उत्तर : (ब)

23. मोन्टाना वन पाए जाते हैं–
(अ) रॉकी पर्वत की पूर्वी ढाल पर
(ब) रॉकी पर्वकी पश्चिमी ढाल पर
(स) एंडीज पर्वत की पश्चिमी ढाल पर
(द) एंडीज पर्वकी की पूर्वी ढाल पर
उत्तर : (द)

24. शीतोष्ण कटिबन्धी शंकुधारी वन का सर्वाधिक विस्तार पाया जाता है ?
(अ) रूस में (ब) उत्तर अमेरिका में
(स) ब्राजील में (द) अफगानिस्तान में
उत्तर : (अ)

25. निम्नलिखित में से किस वन को 'बोरियल वन' के नाम से जाना जाता है ?
(अ) विषुवतीय वर्षा वन
(ब) भूमध्यसागरीय वन
(स) शंकुधारी वन
(द) सवाना वन
उत्तर : (स)

26. निम्नलिखित में से किस वन का विस्तार सर्वाधिक क्षेत्रफल पर पाया जाता है ?
(अ) विषुवतीय वर्षा वन
(ब) शीतोष्ण शंकुधारी वन
(स) सवाना वन
(द) मानसूनी वन
उत्तर : (अ)

27. विषुवतीय वर्षा वन की निम्नलिखित में से कौनसी विशेषता नहीं होती है ?
(अ) चौड़ी पत्ती वाले वृक्ष
(ब) निचले स्तर पर सघन झाड़ियाँ एवं फूलदार पौधे
(स) लियाना की अधिकता
(द) परपोषित पौधों की अधिकता
उत्तर : (ब)

28. टुंड्रा वनस्पति का सर्वाधिक विस्तार पाया जाता है–
(अ) अंटार्कटिका में (ब) उत्तर अमेरिका में
(स) रूस में (द) दक्षिण अमेरिका में
उत्तर : (ब)

29. अमेजन नदी की घाटी में विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन को कहा जाता है–
(अ) लानोस (ब) पम्पास
(स) वेल्ड (द) सेल्वास
उत्तर : (द)

30. विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन के संबंध में कौनसा कथन सही नहीं है ?
(अ) यह कठोर लकड़ी वाला एवं सदापर्णी वन होता है
(ब) इसका विस्तार विषुवत रेखा के दोनों ओर 10 डिग्री उत्तरी तथा 10 डिग्री दक्षिणी अक्षांशों के बीच पाया जाता है
(स) इस वन की सघनता बहुत अधिक होती है
(द) इस प्रकार के वन में एक ही प्रकार के वृक्षों की बहुलता होती है
उत्तर : (द)

31. शंकुधारी वन कहाँ पाए जाते हैं ?
(अ) गर्म शीतोष्ण क्षेत्र (ब) शीत शीतोष्ण क्षेत्र
(स) उप आर्कटिक क्षेत्र (द) ध्रुवीय क्षेत्र
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com

32. डेलबर्जिया जाति निम्नलिखित में से किस एक से संबंधित है ?
(अ) काजू (ब) कॉफी
(स) चाय (द) शीशम
उत्तर : (द) IAS 2007

33. मानसूनी वन के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है ?
(अ) इसका विस्तार मध्य एवं उत्तर पूर्वी भारत, म्यांमार, वियतनाम, थाईलैंड, लाओस, कम्बोडिया, ब्राजील तथा उत्तरी ऑस्ट्रेलिया में पाया जाता है
(ब) इसे पर्णपाती वन भी कहा जाता है
(स) इस प्रकार के वनों में वृक्षों के नीचे सघन झाड़ियों एवं घासों के घने झुण्ड पाए जाते हैं
(द) इस प्रकार के वन की सघनता बहुत अधिक होती है
उत्तर : (द)

34. भूमध्यसागरीय वन से संबंधित निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) इन वनों का विस्तार महाद्वीपों के पूर्वी भागों में 30 डिग्री से 45 डिग्री अक्षांशों के बीच दोनों गोलार्द्धों की उपोष्ण कटिबन्धीय जलवायु वाले क्षेत्रों में पाया जाता है
(ब) इन वनों की सबसे प्रमुख विशेषता यहाँ जाड़े की ऋतु में पछुआ पवनों द्वारा होने वाली वर्षा है
(स) इन वनों की वृक्षों की जड़े लम्बी तथा छालें व पत्तियाँ मोटी होती है
(द) भूमध्यसागरीय वनों में पायी जाने वाली झाड़ियों को चापरैल या माकी कहते हैं
उत्तर : (स)

35. निम्नलिखित में से किस प्रकार के वनों का विस्तार केवल उत्तरी गोलार्द्ध में पाया जाता है ?
(अ) विषुवतरेखीय उष्णार्द्र वन
(ब) भूमध्यसागरीय वन
(स) मानसूनी वन
(द) समशीतोष्ण कोणधारी वन
उत्तर : (द)

36. विषुवतीय वन के संदर्भ में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है ?
(अ) ये वन अधिकतर अमेजन घाटी, कांगो घाटी तथा विषुवतीय प्रशांत द्वीप में पाए जाते हैं
(ब) ये वन व्यावहारिक रूप से उपयोग में नहीं लाये जाते हैं
(स) ये वन बहुत अधिक घने हैं
(द) ये वन शीतोष्ण वन के नाम से भी जाने जाते है।
उत्तर : (द)

37. साइबेरिया क्षेत्र में समशीतोष्ण कोणधारी वन को किस नाम से जाना जाता है ?
(अ) टुन्ड्रा (ब) टैगा
(स) पार्कलैंड (द) सवाना
उत्तर : (ब)

www.rajstudents.com